


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 03 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 186 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








# ...आते-आते चीन चला गया तेल टैंकर

## ईरान से भारत आ रहे जहाज पर लदा है 600000 बैरल तेल, कल ही होनी थी डिलीवरी

**● ईरान से भारत आने वाली कच्चे तेल की यह पहली खेप थी**



**नई दिल्ली।** कच्चे तेल पर मिली अमेरिकी छूट के बाद ईरान से क्रूड (Iranian Crude) लेकर भारत आ रहा एक जहाज अचानक चीन की तरफ मुड़ गया। पहले यह वेसल एक महीने की यात्रा पूरी करके 4 अप्रैल को भारत पहुंचने वाला था, और इसके साथ ही 7 साल बाद ईरान से भारत आने वाली यह कच्चे तेल की पहली खेप होती। जहाज ट्रैकिंग फर्म केप्लर (Kpler Data) के अनुसार अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित अफ्रामैक्स जहाज 'पिंग शुन' वर्तमान में चीन के डोंगयिंग की ओर संकेत कर रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में जहाज ने भारत के पश्चिमी तट पर स्थित वडीनार पहुंचने का संकेत दिया था, लेकिन बाद में यह दक्षिण की ओर मुड़ गया। हालांकि, इस प्रकार के डेस्टीनेशन संकेत अंतिम नहीं होते और किसी भी समय बदल सकते हैं। भारत ने मई 2019 से ईरान से कच्चे तेल की खरीद बंद कर दी थी, जब अमेरिका ने ईरान से तेल के आयात पर कड़े प्रतिबंध लगाए थे। इससे पहले, जहाज ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, अमेरिका द्वारा समुद्र में मौजूद ईरानी तेल कार्गो को 30 दिन की छूट देने के फैसले के बाद, भारत लगभग सात वर्षों में ईरान से कच्चे तेल की पहली खेप प्राप्त करने के लिए तैयार था। कमोडिटी एनालिटिक्स फर्म केप्लर के आंकड़ों से पता चला है कि ईरान के खारग द्वीप से लगभग 6 लाख बैरल कच्चा तेल ले जा रहा टैंकर पिंग शुन गुजरात के वडीनार बंदरगाह की ओर जा रहा था। उम्मीद थी कि यह जहाज लगभग एक महीने की यात्रा पूरी करके 4 अप्रैल तक पहुंच जाएगा। ईरान के तट से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित खार्ग द्वीप, वह जगह है जहां से ईरान करीब 90 प्रतिशत तेल निर्यात का प्रबंधन करता है। यह ईरान के लिए एक बड़ा रणनीतिक केंद्र भी है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान के साथ संघर्ष को समाप्त करने और होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए बातचीत विफल रहती है, तो खार्ग द्वीप फैसिलिटी पर हमले किए जाएंगे।

### कई जिलों में बारिश, चित्रकूट और ललितपुर में बिजली गिरी, 3 की मौत

**लखनऊ।** यूपी में मौसम फिर से बदल गया है। शुक्रवार दोपहर प्रयागराज, कौशांबी और भदोही समेत 5 जिलों में तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। आकाशीय बिजली गिरने से चित्रकूट में 2 और ललितपुर में एक की मौत हो गई। कुछ जगहों पर ओले भी गिरे। लखनऊ-कानपुर समेत 15 शहरों में बादल छाए हैं। तेज हवाएं चल रही हैं। बीच-बीच में हल्की धूप निकल रही है। आगरा-मथुरा समेत 18 जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट है। ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। अरब सागर से नमी लेकर आ रही पछुवा हवाओं से बेमौसम बारिश का नया दौर शुरू होगा। कुछ स्थानों पर 60 किमी की रफ्तार से आंधी चलेगी। ओले गिरेंगे। यह पूरे हफ्ते जारी रहेगा।

### गैस मंत्रालय ने फिर दोहराया एलपीजी किल्लत को लेकर कोई अफवाह नहीं फैलनी चाहिए

**नई दिल्ली।** एलपीजी की उपलब्धता को लेकर फैल रही अफवाहों पर केंद्र सरकार ने चिंता जताई है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MoPNG) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि सिर्फ 17 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ही नियमित प्रेस ब्रीफिंग कर रहे हैं, जो स्थिति को संभालने के लिए पर्याप्त नहीं है। पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने अपने पत्र में कहा कि कुछ क्षेत्रों में अब भी अफवाहें और गलत जानकारी फैल रही है, जिससे लोगों में अनावश्यक डर पैदा हो रहा है और कई जगहों पर घबराहट में खरीदारी (पैनिक बायिंग) देखी जा रही है। मंत्रालय ने राज्यों से अपील की है कि वे संचार व्यवस्था को और मजबूत करें ताकि स्थिति सामान्य बनी रहे।

### अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य साजिशकर्ता मोफक्करुल इस्लाम को गिरफ्तार कर लिया है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की टीम शुक्रवार को मालदा जिले का दौरा करेगी। एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को कड़ी फटकार लगाई थी। इस बीच मालदा घटना पर उत्तर बंगाल के एडीजी के. जयरामन का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, 'हमने अब तक 35 लोगों को गिरफ्तार किया है और 19 मामले दर्ज किए हैं।

### असम में चुनाव प्रचार में भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत, गोलपारा में अमित शाह की जनसभा, नितिन नवीन की कामरूप में रैली

**नई दिल्ली ।** असम में चुनाव प्रचार के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी सिलसिले में गृह मंत्री अमित शाह ने गोलपारा के दुधनोई में एक बड़ी जनसभा की। वहीं, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कामरूप में रैली को संबोधित किया। दोनों नेताओं ने कांग्रेस पर तीखे हमले किए और भाजपा के विकास कार्यों को गिनाया। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने असम को घुसपैठियों का अड्डा बना दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई, तो घुसपैठिए आदिवासी इलाकों में भी कब्जा कर लेंगे।

### पाकिस्तान में पेट्रोल 458, डीजल 500 रुपये के पार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि की घोषणा की है। पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत में 43 प्रतिशत और हाई-स्पीड डीजल में 55 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई है, जो तुरंत लागू हो गई है। नई दरों के तहत पेट्रोल की कीमत 137.23 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 458.41 रुपये हो गई है, जबकि डीजल की कीमत 184.49 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 520.35 रुपये प्रति लीटर हो गई है।

## राघव के जवाब पर 'आप' का पलटवार

**● संसद का कीमती समय समोसे सस्ता कराने में लगाते हैं**



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा पर हमला बोला है। आप ने आरोप लगाया है कि चड्ढा प्रधानमंत्री 'मोदी से डरते हैं'। साथ ही आरोप लगाए हैं कि बोलने के लिए मिलने वाले समय का इस्तेमाल समोसे सस्ते कराने में लगाते हैं। आप राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ने आरोप लगाया है कि जब मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रस्ताव लाया गया था तो चड्ढा ने उस पर सिग्नेचर भी नहीं किए थे। पार्टी ने गुरुवार को राघव चड्ढा को राज्यसभा में उपनेता पद से हटाने के लिए सचिवालय को पत्र लिखा था। साथ ही पंजाब से उद्योगपति से सांसद बने अशोक मित्तल को पार्टी ने नया उपनेता नियुक्त किया है। एक्स पर एक पोस्ट में ढांडा ने जोर देकर कहा कि चड्ढा पिछले कुछ वर्षों से डरे हुए हैं और पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ बोलने से हिचकिचाते हैं। आप नेता ने कहा कि पार्टी को संसद में बोलने के लिए बहुत कम समय मिलता है। इस सीमित समय में पार्टी या तो देश को बचाने के लिए संघर्ष कर सकती है, या फिर 'हवाई अड्डे पर समोसे सस्ते करवाने' की मांग कर सकती है।

### INS तारागिरी और INS अरिदमन नौसेना में शामिल

**नई दिल्ली।** आईएनएस तारागिरी और INS अरिदमन आज भारतीय नौसेना में शामिल हो गए है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापत्तनम में परमाणु पनडुब्बी INS अरिदमन और स्टील्थ फ्रिगेट INS तारागिरी को राष्ट्र को समर्पित किया। विशाखापत्तनम में आयोजित समारोह में नौसेना प्रमुख और सीडीएस जनरल सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद रहे। यह दोनों युद्धपोत भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट 17A के तहत एक उन्नत स्टेल्थ फ्रिगेट हैं। INS अरिदमन जहां समंदर की गहराई में छिपकर दुश्मन को तबाह करने की क्षमता रखती है, तो INS तारागिरी सतह पर तेज रफ्तार और आधुनिक हथियारों के साथ दुश्मनों पर हमले करने के लिए तैयार है।

### राप्ती नदी में डूबे चार किशोरों के शव मिले, दो दिन चला तलाशी अभियान

**गोरखपुर।** गोरखपुर के खोराबार थाना इलाके के मिर्जापुर घाट स्थित पीपा पुल के पास राप्ती नदी में नहाने गए तीन अन्य किशोरों का शव शुक्रवार को बरामद कर लिया गया। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की चार टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही थीं। जानकारी के अनुसार, कैंट थाना क्षेत्र के रानीडीहा शिवमंदिर टोला निवासी अमन उर्फ बीरू राजभर (15), मालवीय नगर निवासी विवेक निषाद (15), जंगल सिकरी निवासी गगन पासवान (15) और रानीडीहा निवासी अनिकेत यादव (13) अपने साथी राजकरन उर्फ टाइमपास के साथ बुधवार दोपहर 3:30 बजे साइकिल से मिर्जापुर घाट पहुंचे थे। पांचों राप्ती नदी में नहाने लगे। इसी दौरान चार गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे, जबकि राजकरन किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकल आया।

### कोटा में एक ही परिवार के 12 सदस्यों को उम्रकैद

**नई दिल्ली।** कोटा में एक ही परिवार के 12 लोगों को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। 8 साल पहले इन लोगों का बकरे को लेकर पड़ोसी के साथ विवाद हो गया था। विवाद सुलझाने आए 2 युवकों इस्तियाक और यशपाल पर चाकू, लकड़ी और धारदार हथियारों से हमला कर दिया था। जिसमें इस्तियाक ने इलाज के दौरान उसने दम तौड़ दिया।

### स्प्रिट वाली शराब पीने से चार की मौत एक के आंख की रोशनी चली गयी



**मोतिहारी।** मोतिहारी रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बालगंगा गांव में जहरीली स्प्रिट (शराब) पीने से लोगों की मौत का सिलसिला लगातार जारी है। कल एक व्यक्ति की मौत हुई थी, वहीं दो अन्य गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। इसके अलावा एक व्यक्ति की आंखों की रोशनी चले जाने की खबर ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। मृतकों की संख्या दो से बढ़कर चार हो गई है। कल जहरीली शराब पीने से चंदू की मौत हुई थी। वहीं आज सुबह तुरकौलिया थाना क्षेत्र के शंकर सरैया परसौना निवासी प्रमोद यादव, परीक्षण मांझी और हीरालाल महतो की मौत हो गई। उनका इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। सूत्रों के अनुसार, अभी भी कई लोग ऐसे हैं जो चोरी-चुपके इलाज करा रहे हैं।




# तुमने एक पुल उड़ाया हम आठ उड़ाएंगे

**● B1 पुल को निशाना बनाए जाने के जवाब में ईरान ने खाड़ी देशों और जॉर्डन के प्रमुख पुलों की हिट-लिस्ट जारी की**

## जंग अब इंफ्रास्ट्रक्चर वार में तब्दील



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब एक खतरनाक 'इंफ्रास्ट्रक्चर वॉर' (बुनियादी ढांचे के युद्ध) में तब्दील होता जा रहा है। लड़ाई खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। अमेरिका द्वारा ईरान के सबसे ऊंचे ब्रिज पर किए हमले के बाद तेहरान पूरी तरह भड़का हुआ है। उसने खाड़ी देशों के 8 पुलों पर हमले की चेतावनी दी है। वहीं अब ईरान ने कुवैत की मीना अल-अहमदी रिफाइनरी पर ड्रोन से हमला किया है। ईरान द्वारा किए गए इस हमले के कारण रिफाइनरी की कई यूनिट्स में आग लग गई है, मौके पर इमरजेंसी टीम आग बुझाने में जुटी गुई है। इस हमले में भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। अमेरिका और इज़रायल द्वारा ईरान के सबसे ऊंचे B1 पुल को निशाना बनाए जाने के जवाब में, ईरान ने खाड़ी देशों और जॉर्डन के आठ प्रमुख पुलों की एक 'हिट-लिस्ट' जारी की है। ईरान की यह घोषणा क्षेत्र में 'जैसे को तैसा' वाली रणनीति का संकेत दे रही है। यह घोषणा, कराज में B1 पुल को आंशिक रूप से नष्ट करने वाले एक हमले के बाद आई है। उल्लेखनीय है कि B1 पुल, जो 136 मीटर की ऊँचाई के साथ ईरान का सबसे ऊँचा पुल था।

### ईरान ने किया अमेरिकी फाइटर जेट विमान मार गिराने का दावा

ईरान ने आसमान में अमेरिका का एक और इ-35 फाइटर जेट मार गिराने का दावा किया है। ईरान की सेमी-ऑफिशियल मेहर न्यूज एजेंसी ने यह भी कहा कि गंभीर चोटों के कारण पायलट के बचने की संभावना कम है। हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड की ओर से इस दावे की अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। अगर ईरान के ये ताजा दावे सही साबित होते हैं, तो इसे ईरान की ओर से एक बड़ा जवाबी हमला माना जाएगा।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 03 अप्रैल, शुक्रवार 2026 (3)





अग्रसेन कन्या इंटर कालेज में परीक्षा परिणाम वितरण के मौके पर उपस्थित छात्राएं व शिक्षिकाएं।

# बीएचयू में छात्रों का धरना-प्रदर्शन

## बिड़ला छात्रावास के सामने सड़क जाम कर देर रात तक नारेबाजी, प्रॉक्टोरियल बोर्ड से तीखी झड़प

● डेढ़ माह पहले के मामले में दो छात्रों को उठाए जाने पर भड़का मामला



**वाराणसी।** बीएचयू के बिड़ला 'ए' हॉस्टल के बाहर गुरुवार देर रात छात्रों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्रों ने बिड़ला चौराहे पर सड़क जाम कर जोरदार नारेबाजी की, जिससे क्षेत्र में काफी देर तक आवागमन प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य और पुलिस मौके पर पहुंचे, जहां छात्रों और अधिकारियों के बीच तीखी कहासुनी भी हुई। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि उनके दो साथियों को पुलिस ने फर्जी प्राथमिकी में फंसाकर हिरासत में ले लिया है। छात्रों का कहना है कि उन्होंने पुलिस कमिश्नर से लेकर प्रॉक्टोरियल बोर्ड तक अपने निर्दोष होने के पर्याप्त सबूत पेश किए हैं, इसके बावजूद कार्रवाई की गई। इसको लेकर छात्रों में भारी आक्रोश देखा गया। छात्रों के अनुसार, यह मामला कैंपस के बाहर हुए एक पुराने मारपीट के विवाद से जुड़ा है। चितईपुर थाना पुलिस ने इस मामले में उनके साथियों को उठाया है और थाने में बैठाकर पूछताछ कर रही है। एक छात्र ने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले करौंदी गेट के पास एक व्यक्ति से मारपीट हुई थी, जिसके बाद उस व्यक्ति ने बिड़ला हॉस्टल के 5-6 छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। छात्रों का दावा है कि घटना के समय आरोपित छात्र मौके पर मौजूद ही नहीं थे। कुछ छात्र बिड़ला ग्राउंड में बैडमिंटन खेल रहे थे, कुछ लाइब्रेरी में थे, जबकि अन्य अपने कमरों में थे। इस संबंध में सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है, जिसे हॉस्टल वार्डेन द्वारा पुलिस कमिश्नरेट को सौंपा जा चुका है।

### यूपी कॉलेज के छात्रों का धरना समाप्त

**वाराणसी।** उदय प्रताप कॉलेज में बीते 20 मार्च को छात्र सूर्य प्रताप सिंह की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद प्राचार्य पर असंवेदनशीलता का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाए जाने की मांग को लेकर छात्र पिछले तीन दिनों से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे थे। गुरुवार की देर रात्रि उदय प्रताप कालेज के प्रबंध समिति के सदस्य मनोज सिंह के आश्वासन के पश्चात समाप्त हो गया। छात्र नेता प्रतीक उपाध्याय ने बताया कि प्रबंध समिति के सदस्य मनोज सिंह, एसीपी कैंट अपूर्व पांडेय, एसीपी सारनाथ विदुष सक्सेना द्वारा देर रात दिए गए आश्वासन के पश्चात हम लोग अपना अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर रहे हैं। प्रबंध समिति द्वारा छात्रों को आश्वासन दिया गया है कि पूरे मामले की जांच जिलाधिकारी द्वारा गठित कमेटी द्वारा चार सप्ताह के भीतर पूरी कर ली जाएगी।

## काशीपुरा से निकली मां की बधावा यात्रा

● विन्ध्यवासिनी श्रृंगार समिति ने किया आयोजन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मां विन्ध्यवासिनी श्रृंगार समिति के तत्वावधान में काशीपुरा स्थित मां जगत् जननी जगदम्बा मां विन्ध्यवासिनी का भव्य श्रृंगार किया गया। इस उपलक्ष्य में काशीपुरा स्थित गंगू का शिवाला अखाड़ा से मां विन्ध्यवासिनी चालीसा, स्त्रोत पाठ करने के पश्चात् बधावा उठाया गया जिसमें कसेरा समाज ने माता का जयकारा लगाते हुए धातु निर्मित ध्वजा के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली। यह शोभायात्रा काशीपुरा से बुलानाला, चौक होते हुए माता के दरबार पहुंचा। इस मौके पर अध्यक्ष विनोद कसेरा, उपाध्यक्ष रतनलाल, महामंत्री घनश्याम कसेरा, उपमंत्री संतोष कसेरा, कोषाध्यक्ष चन्द्र कसेरा, संगठन मंत्री बुद्धू लाल कसेरा, मीडिया प्रभारी अनिल कसेरा, अमन कसेरा, अर्जुन प्रसाद, सवन कसेरा, मुकेश कसेरा, विवेक कसेरा, रामकिशोर कसेरा, मनोहर लाल कसेरा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी की।

## तेज हवाओं के साथ फिर आएंगे बादल, बरसेगा पानी

● कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी संभावना



**वाराणसी।** पूर्वी ईरान एवं उससे लगे अफगानिस्तान के आसपास चक्रवाती परिसंचरण के रूप में संकेंद्रित पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव शुक्रवार को पश्चिमी तो शनिवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश तक पहुंच सकता है। इसके प्रभाव से शनिवार व रविवार को तेज हवा के झोंकों संग गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है। वज्रपात की भी संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ स्थित आंचलिक कार्यालय ने इस संबंध में आरेंज अलर्ट जारी किया है। हालांकि बीएचयू के मौसम विज्ञानी का कहना है कि बादल शुक्रवार की दोपहर बाद या शाम को ही इधर पहुंच सकते हैं। तेज हवा चल सकती है। शनिवार तक इनकी उपस्थिति बनी रह सकती है। वर्षा की ज्यादा संभावना बनारस क्षेत्र में नहीं दिखती। फिलहाल गुरुवार को तीखी धूप होने से चमड़ी के झुलसने का आभास हुआ। बुधवार की सुबह हुई हल्की वर्षा के बाद आसमान साफ होते ही अधिकतम तापमान बढ़कर 2.2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर बीएचयू क्षेत्र में सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस अधिक 39.5 हो गया। न्यूनतम तापमान में 1.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई और यह सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक 21.4 पर रहा। बाबतपुर क्षेत्र में अधिकतम तापमान में 2.3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई और यह सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस अधिक 38.3 रहा। न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई और सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक 21.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

### छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले की सुनवाई कल होगी

**वाराणसी।** फास्ट ट्रैक कोर्ट (प्रथम) के न्यायाधीश कुलदीप सिंह की अदालत में बृहस्पतिवार को बीएचयू आईआईटी की छात्रा से जुड़े चर्चित सामूहिक दुष्कर्म मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मामले के विवेचक सहजानंद श्रीवास्तव अदालत में उपस्थित हुए, हालांकि जिरह की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। बताया गया कि एक अधिवक्ता के निधन के कारण दोपहर बाद वकीलों ने शोकवश कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। इसके चलते विवेचक से बचाव पक्ष की ओर से जिरह नहीं की जा सकी। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 4 अप्रैल की तिथि निर्धारित कर दी है।

### बरेका के मैदान में आज से 5 अप्रैल तक चलेगा विक्रमोत्सव, होगा महानाट्य का मंचन

**वाराणसी।** विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत उज्जैन के महान सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन, न्यायप्रियता और गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुँचाने के लिए 3 से 5 अप्रैल तक वाराणसी में एक भव्य महानाट्य का मंचन किया जाएगा। इस विशेष आयोजन का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में होगा। सम्राट विक्रमादित्य शोध संस्थान के माध्यम से बी.एल.डब्ल्यू. मैदान में आयोजित होने वाले इस भव्य महानाट्य में सैकड़ों कलाकार हिस्सा लेंगे। इस दौरान हाथी, घोड़े और ऊंटों के साथ प्राचीन भारतीय परंपराओं और कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। यह आयोजन भारतीय संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा।

### अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज में रिजल्ट वितरण पर विद्यार्थियों में खुशी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वार्षिक परीक्षाफल मिला जिसमें कक्षा प्रथम से नवम् और ग्यारह की छात्राओं को प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर मेनका अग्रवाल द्वारा प्राईज देकर प्रोत्साहित किया। प्रबंधक गरिमा टकसाली ने छात्राओं को खूब मेहनत करने की प्रेरणा दी। सहायक प्रबंधक पवन कुमार मित्तल ने बताया कि काशी अग्रवाल समाज भविष्य में सभी संसाधनों को उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। अंत में प्राचार्या डॉ. संगीता बनर्जी ने छात्राओं को जीवन में अनुशासन का महत्व बताया।

### उर्वरक निरीक्षक एवम् उद्योग विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने छापेमारी की



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रमुख सचिव, कृषि के निर्देश पर जनपद में स्थापित औद्योगिक संस्था आदि के निर्माण में प्रयोग किये जा रहे अनुदानित यूरिया की जांच कर अनुदानित यूरिया के प्रयोग किये जाने पर सम्बन्धित फर्मो पर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के लिए गुरुवार को उर्वरक निरीक्षक एवम् उद्योग विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर जनपद में छापे की कार्यवाही की गयी।

### नियमों की अनदेखी में फंसी 29 फर्में, की गयीं ब्लैकलिस्ट

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** टेंडर प्रक्रिया के दौरान लापरवाही व नियमों के उल्लंघन को नगर निगम ने गंभीरता से लिया है। इस क्रम में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के निर्देश पर सामान्य अभियन्त्रण विभाग ने ऐसी 29 फर्मों और संस्थाओं को तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्ट (काली सूची) में डाल दिया है, जिन्होंने धरोहर राशि (ईएमडी) और टेंडर फीस जमा किए बिना ही निविदा में प्रतिभाग किया था। दरअसल, निगम द्वारा आमंत्रित निविदाओं में संबंधित फर्मों के लिए ईएमडी की धनराशि और टेंडर फीस जमा करना अनिवार्य था।

## पहाड़ी गांव में जयंती पर पूजे गये महावीर मंदिर पर जुटी अपार भीड़





**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोहनियां थाना क्षेत्र अन्तर्गत पहाड़ी गांव के मुसरा क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर पर कल गुरुवार को हनुमत जयंती के मौके पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ जुटी। इस मौके पर मंदिर को विद्युतीय झालरों से सजाया गया एवं हनुमानजी का विधिवत श्रृंगार, पूजन-अर्चन कर आरती उतारी गयी। बड़ी संख्या में महिलाओं ने श्रद्धा-भक्ति साथ दर्शन-पूजन किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते सायंकाल यहां पर मेले सरीखा दृश्य उपस्थित हुआ। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान भक्त धर्मेन्द्र पटेल द्वारा मंदिर पर श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में क्षेत्र के चिकित्सक डा. मनोज का भी अभूतपूर्व योगदान हासिल रहा। इस अवसर पर मनोज राजभर, रामजी पटेल, दुर्गा प्रसाद, विजय पटेल, करन पटेल सहित क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com




## एलपीजी में गैस कम नहीं होनी चाहिए

● आयल कंपनियों को कमिश्नर की हिदायत



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ईरान-इज़राइल संघर्ष एवं खाड़ी देशों में उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति को लेकर जनपद वाराणसी में एलपीजी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के लिये कमिश्नर एस. राजलिंगम द्वारा गुरुवार को तीनों ऑयल कम्पनियों के मण्डलीय प्रबन्धक, एरिया मैनेजर/विक्रय प्रबन्धक, मुख्य प्रबन्धक, गेल (इण्डिया) लिमिटेड, वाराणसी एवं जिला पूर्ति अधिकारी के साथ बैठक कर ऑयल कम्पनियों से एलपीजी आपूर्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कमिश्नर एस. राजलिंगम ने समस्त सेल्स ऑफिसर को निर्देशित किया कि वह नियमित रूप से गैस गोदाम का निरीक्षण करते हुए यह सुनिश्चित कर लें कि किसी भी दशा में कम वजन के सिलेण्डर उपभोक्ताओं को आपूर्ति न हों और उक्त जांच/निरीक्षण आदि के संबंध में फोटोग्राफ्स शेयर करें।

**इण्डेन गैस–** 7004147913, 9140213317,
**भारत गैस–** 8960895554
**हिन्दुस्तान गैस –** 8655436745 नंबर जारी किये गए हैं।

### विद्यापीठ में प्रथम 'नेक्स्ट जेनरेशन डाकघर का उद्घाटन




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारतीय डाक विभाग द्वारा आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुरुवार को काशी विद्यापीठ परिसर स्थित डाकघर में 'नेक्स्ट जेनरेशन डाकघर (N-Gen Post Office)' का शुभारंभ किया गया। इस आधुनिक डाकघर का उद्घाटन पद्मगन्धा मिश्रा, पोस्टमास्टर जनरल, वाराणसी क्षेत्र तथा प्रो. आनंद कुमार त्यागी, कुलपति, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल, वाराणसी क्षेत्र ने अपने संदेश में कहा कि यह पहल, माननीय केंद्रीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के दृष्टिकोण से प्रेरित है। N-Gen Post Office परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम है।

## सोनभद्र समाचार

### तीन साल के मासूम को लेकर सोन नदी में कूदी मां, इस शख्स ने बचाई जान



**सोनभद्र।** जिले में एक बड़ी घटना टल गई। एक महिला ने आपसी विवाद के चलते अपने मासूम बच्चे के साथ सोन नदी में छलांग लगा दी। यह घटना बुधवार की रात क-रीब 11.30 बजे चोपन थाना क्षेत्र के सोन पंप कैनाल की है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। कुरुहुल निवासी अनिल यादव की पत्नी गीता देवी ने विवाद के बाद अपने तीन वर्षीय बच्चे को लेकर सोन नदी में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर सोनपम्प पावर हाउस पर मौजूद अधिकारियों का ध्यान इस ओर गया। मौके पर उपखंड अधिकारी राबर्ट्सगंज प्रथम धर्मेन्द्र सिंह, उपखंड अधिकारी प्रदीप गुप्ता एवं सहायक अभियंता भंडार मयंक वर्मा पहुंचे। उन्होंने देखा कि महिला नदी में डूब रही है। इस दौरान उपखंड अधिकारी की गाड़ी के चालक बबलू कुमार ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए बिना देर किए नदी में छलांग लगा दी और महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद 112 नंबर पर सूचना देकर पुलिस व एंबुलेंस को मौके पर बुलाया गया और महिला को सुरक्षित प्रशासन को सुपुर्द कर दिया गया। इस साहसिक कार्य के लिए चालक बबलू कुमार की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## चंदौली समाचार

### सकलडीहा में विवाहिता की मौतः गला दबाकर हत्या का आरोप

**चंदौली।** सकलडीहा कस्बा के तेंदुई गांव में गुरुवार दोपहर एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि वह दो माह की गर्भवती थी। विवाहिता के बड़े पिता ने ससुराल वालों और ग्राम प्रधान पर हत्या की साजिश का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विवाहिता के बड़े पिता तेजू चौहान ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने ग्राम प्रधान विजय चौहान को भी हत्या की साजिश में शामिल होने की बात कही है। इस संबंध में उन्होंने कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। सकलडीहा कोतवाली के तेंदुई गांव निवासी किशन चौहान (25) ने छह माह पूर्व गांव की ही 22 वर्षीय प्रेमा चौहान से प्रेम विवाह किया था।

## मऊ समाचार

### जमीन के विवाद में मारपीट में तीसरी मौत, घायल किशोर ने भी तोड़ा दम



**मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के काझा खुर्द में बृहस्पतिवार को वाराणसी के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दूसरे पक्ष के भारत कुमार (17) की मौत हो गई। देर शाम मृतक का शव गांव लाया गया। शव घर आते ही परिजनों की चीख-पुकार से मातम छा गया। जानकारी होते ही मौके पर पुलिस बल की तैनाती की गई। हालांकि अभी गांव में एहतियात के तौर पर पीएसी बल की भी तैनाती की गई है। बीते 26 मार्च को गांव में आबादी की जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडा, फावड़ा और लोहे के रॉड से हमला किया गया था। इसमें दोनों पक्षों से 20 लोग घायल हो गए थे। बीते शुक्रवार को उपचार के दौरान पहले पक्ष के हरि गोविंद (65) की आजमगढ़ में मौत हो गई थी, जबकि बृहस्पतिवार को वाराणसी में उपचार के दौरान दूसरे पक्ष के किशोर की मौत हो गई। गांव के लोगों का कहना है कि अभी दोनों पक्षों के तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। मारपीट के एक सप्ताह में एक बुजुर्ग और एक किशोर की मौत से राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। गांव में लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे थे।

## सुल्तानपुर समाचार

### हनुमान जन्मोत्सव पर विजेथुआ धाम में उमड़े श्रद्धालु

**सूरापुर/भदैंया।** हनुमान जन्मोत्सव पर बृहस्पतिवार को पौराणिक धर्मस्थल विजेथुआ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से श्रद्धालुओं की दर्शन के लिए कतारें लग गईं। दर्शन-पूजन का सिलसिला रात तक चलता रहा। कार्यक्रम की शुरुआत लोकगायक राहुल पांडेय रमन ने अपने भजन हनुमान विजेथुआ वासी तोहरी महिमा न्यारी हो से की, जिसे सुनकर श्रद्धालु झूम उठे। इसके बाद कंहवा पे जनमे राम हो, कंहवा पे जनमे श्याम हो जैसे सोहर ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर में बजरंगबली को 51 किग्रा. के लड्डू का भोग अर्पित किया गया। इस मौके पर अतिथियों का सम्मान किया गया। विजेथुआ धाम सेवा समिति के संरक्षक विवेक तिवारी के संरक्षण और रितेश दूबे के संयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश सहित सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं बजरंगबली का चित्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

## जौनपुर समाचार

### डंपर की चपेट में आकर प्रधानाध्यापिका की मौत, पति घायल



**बदलापुर।** जिला मुख्यालय के सिपाह पुलिस चौकी के सामने बृहस्पतिवार की सुबह डंपर की चपेट में आकर प्रधानाध्यापिका की मौत हो गई और उनके पति घायल हो गए।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के उद्पुर गेल्हवा गांव की रहने वाली 60 वर्षीया सुमन सिंह गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका थीं। वह अपने पति सत्यनारायण सिंह के साथ बाइक से शीतला धाम चौकिया दर्शन करने जा रही थीं। सिपाह पुलिस चौकी के सामने पहुंचने पर तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से धक्का मार दिया। इससे बाइक सहित दोनों गिर पड़े। सुमन के सिर में गंभीर चोटें आई।

पुलिस व आस-पास के लोग उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गए, जहां देखते ही चिकित्सकों ने सुमन सिंह को मृत घोषित कर दिया। पति सत्यनारायण भी घायल हो गए। घटना के बाद डंपर चालक भाग गया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बलिया समाचार

### भैस निकालते समय पानी भरे गड्ढे में डूबने से युवक की मौत

**बैरिया।** थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव के पास बरसात के पानी से भरे गड्ढे में से भैस को निकालते समय मुटुर यादव 34 वर्ष की डूबने से मौत हो गई।

ग्रामीणों ने शव की तलाश कर एक घंटे बाद निकाल लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजवया। मौत की खबर पर परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। इब्राहिमाबाद गांव निवासी लालमती देवी के पांच संतान में मुटुर चौथे नंबर पर था। पशु पालन कर परिवार का भरण पोषण करता था। बृहस्तिवार की सुबह में गांव के दक्षिण भैस चरा रहा था। दोपहर में भैस बरसात के पानी भरे गड्ढे में चली गई, धूप तेज होने के कारण बाहर नहीं निकल रही थी। मुटुर भैसों को निकालने के लिए पानी भरे गड्ढे उतरा तो उसमें डूबने लगा। कुछ दूर खड़े एक लड़का आवाज सुन पास पहुंचा तब तक मुटुर पानी में डूब गया, उसने ग्रामीणों की सूचना दी।

## मीरजापुर समाचार

### मण्डलायुक्त ने मण्डल स्तरीय अनुश्रवण, मूल्याकंन एवं समीक्षा समिति की बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डल स्तरीय अनुश्रवण, मूल्याकंन एवं समीक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। मण्डलायुक्त ने कहा कि गौशालाओं में संरक्षित किए जा रहे गौवंशो का जियो टैगिंग कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि छुट्टा पशुओ को भी पकड़कर गौशाला में रखा जाए तथा उनका भी जियो टैगिंग कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौशालाओ में पर्याप्त मात्रा में भूषा, हरा चारा, चोकर आदि की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि भूषा बैंक बनाते हुए भूषे संग्रहीत किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो, गौवंषो को लू न लगे इसका भी उचित प्रबंध किया जाए। बीमार/ कमजोर पशुओ का तत्काल उनका नियमानुसार कराया जाए तथा समय–समय पर कैम्प लगाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाए। सभी गौ आश्रय स्थलों पर पशु आहार, जियो टैगिंग, मूवमेंट रजिस्टर, पशु टीकाकरण आदि का रजिस्टर बनाकर रखा जाए। उन्होंने कहा कि गोचर जमीनो पर गौवंशो हेतु लगाए गए हरे चारे की भी जिये टैगिंग कराई जाए। उन्होंने कहा कि बनकर तैयार हो गए गौ आश्रय स्थलों की हैण्डओवर की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बड़े गौ आश्रय स्थलों पर भरण पोषण हेतु कम से कम तीन माह का अतिरिक्त भंडारण रखा जाए। उन्होंने कहा कि एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाए उसमें पशुपालन विभाग क मण्डलीय अधिकारी, तीनो जनपदो के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं तीनो जनपदो के सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी जोड़ा जाए तथा रोस्टर बनाते हुए उसके अनुसार अधिकारी गौ आश्रय स्थलो का नियमित निरीक्षण करे व निरीक्षण के दौरान यदि कॉं पाई जाती है तो उसे तत्काल ठीक कराएं।

## गाजीपुर समाचार

### अनुशासनहीनता पर एसपी ने चौकी प्रभारी को किया निलंबित

**गाजीपुर।** क्षेत्र के हंसराजपुर चौकी प्रभारी को अनुशासनहीनता और कार्यशैली को लेकर विवादों में घिरने के बाद निलंबित कर दिया गया है। क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा शुभम वर्मा ने इसकी पुष्टि की है। बता दें कि बीते माह चौकी प्रभारी आनंद कुमार गुप्ता के खिलाफ सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हुई थी, जिसमें उन पर धमकी देने, वसूली करने और झूठे मुकदमे में फंसाने जैसे आरोप लगाए गए थे। वायरल पोस्ट में भड़काऊ बातें लिखी गई थीं। मामला बढ़ने पर बभनौली निवासी ई-रिक्शा चालक जोगिंदर राजभर ने चौकी पर तहरीर देकर कहा कि उसकी फोटो और नाम का दुरुपयोग कर फर्जी पोस्ट डाली गई है। इस पर चौकी प्रभारी ने सफाई देते हुए दावा किया था कि युवक की आईडी से किसी अन्य व्यक्ति ने पोस्ट शेयर की थी, जिसे बाद में हटा दिया गया।

## प्रयागराज समाचार

### चारपाई पर सो रहे चौकीदार की धारदार हथियार से हत्या, छानबीन में जुटी पुलिस



**प्रयागराज।** नैनी के धनुआ गांव में बृहस्पतिवार की रात एक वृद्ध चौकीदार की धारदार हथियार से गोदकर हत्या कर दी गई । शुक्रवार सुबह उसका शव देखकर गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तत्काल वहां से हटा दिया। नैनी थाना क्षेत्र के ठाकुरी का पुरवा निवासी राजबहादुर निषाद धनुआ गांव में रवि तिवारी की जमीन पर गिट्टी बालू का धंधा करते हैं। उनके यहां गांव के ही 75 वर्षीय हजारी लाल भारतीय पुत्र मुन्नीलाल भारतीय रात में चौकीदारी का काम करते थे। वह बृहस्पतिवार की रात घर से खाना खाकर वहां सोने के लिए पहुंचे थे। सुबह उनका शव खून से लथपथ पड़ा देख गांव में खलबली मच गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों से घटना के बाबत पूछताछ करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र सोनू भारतीय की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के गले और मुंह पर धारदार हथियार से वार किए जाने के निशान देखे जा सकते हैं। इंस्पेक्टर नैनी ब्रिज किशोर गौतम का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद हत्या का कारण पता चल पाएगा। फिलहाल गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## आजमगढ़ समाचार

### ट्रांसफॉर्मर से निकली चिंगारी से बाग में लगी आग

**बरदह।** थाना क्षेत्र के छतरपुर, (अहिरौली) गांव में बृहस्पतिवार की दोपहर करीब 12 बजे सपा के राष्ट्रीय सचिव रहे स्व. अभिषेक राय की बाग में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि शुरू में कोई पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। खेतों की तरफ बढ़ती आग देख ग्रामीण मैदान में उतरे और बाल्टी, पानी और पेड़ों की टहनियों के सहारे आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। घंटों के अथक प्रयास से आग को गेहूं के खेतों तक पहुंचने से पहले ही रोक लिया गया, जिससे कई बीघा फसल जलने से बच गई। ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना तुरंत 112 नंबर पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड को पहुंचने में करीब एक घंटे की देरी हुई। आग बुझाने में जुटे पंकज राय, अशोक सरोज, सुनील यादव, संतोष राय, सनी सरोज, अजय सरोज ने बताया कि इस बाग में आए दिन आग लगने की घटनाएं होती रहती हैं।

## गोरखपुर समाचार

### छत पर टहल रही थी विवाहिता, सीढ़ी से छत पर चढ़ा मनबढ- गला रेतकर की हत्या



**गोरखपुर।** बुधवार शाम करीब सात बजे खुशबू अपने छत पर टहल रही थी। इसी बीच घर के बाहर लगी लोहे की सीढ़ी से पड़ोसी युवक सीताराम छत पर चढ़ गया। अभी खुशबू कुछ समझ पाती कि उसने चाकू से उसका गला रेत दिया। इसके बाद महिला का मोबाइल लेकर भाग निकला। वा-रदात को देख आसपास की छतों पर खड़े लोगों ने खुशबू के घरवालों को सूचना दी। इसके बाद आनन-फानन में खुशबू को लेकर गगहा स्थित सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गगहा थाना क्षेत्र के गजपुर कटरा बाजार में बुधवार शाम करीब सात बजे छत पर खड़ी महिला खुशबू (30) की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पड़ोसी मौके से भाग निकला। सूचना पर फॉरेंसिक टीम संग मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस विवाहिता की ननद रिंकी की तहरीर पर पड़ोसी युवक सीताराम के खिलाफ हत्या व लूट की प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश में दबिश दे रही है। बांसगांव थाना के लाहीडाड़ी निवासी खुशबू की चार साल पहले गजपुर कटरा बाजार निवासी उपेंद्र से शादी हुई थी। उनकी कोई संतान नहीं है। चार मार्च को उपेंद्र रोजगार के सिलसिले में दुबई चले गए। बुधवार शाम करीब सात बजे खुशबू अपने छत पर टहल रही थी। इसी बीच घर के बाहर लगी लोहे की सीढ़ी से पड़ोसी युवक सीताराम छत पर चढ़ गया। अभी खुशबू कुछ समझ पाती कि उसने चाकू से उसका गला रेत दिया। इसके बाद महिला का मोबाइल लेकर भाग निकला। वारदात को देख आसपास की छतों पर खड़े लोगों ने खुशबू के घरवालों को सूचना दी। इसके बाद आनन-फानन में खुशबू को लेकर गगहा स्थित सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## देवरिया समाचार

### मदनपुर में डोरी से गला कसकर छात्रा की हत्या



**देवरिया।** काजल की हत्या को लोग प्रेम-प्रसंग से जोड़कर देख रहे हैं। जबकि आरोपी द्वारा थाने पर आत्मसमर्पण किए जाने की बात सामने आ रही है। मौके पर पहुंची फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाया। वहीं अधिकारियों ने भी घटना का जायजा लिया। बरांव गांव के दलित बस्ती निवासी शिवानंद प्रसाद की पुत्री और बीए की छात्रा काजल का शव बृजेश प्रसाद के घोठ्ठे पर कमरे में मिला। लोगों के अनुसार काजल के गले पर काले रंग का गहरा, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान थे। क्षेत्र के बरांव दलित बस्ती निवासी बृजेश प्रसाद के घोटा घर ( पशुओं के रहने की जगह ) पर कमरे में बृहस्पतिवार की सुबह मोहल्ले की काजल 20 वर्ष पुत्री शिवानंद प्रसाद का शव मिला। जानकारी होने पर मोहल्ले के लोग जुट गये। जबकि रोना-पिटना मच गया। सूचना पर पहुंची मदनपुर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

काजल की हत्या को लोग प्रेम-प्रसंग से जोड़कर देख रहे हैं। जबकि आरोपी द्वारा थाने पर आत्मसमर्पण किए जाने की बात सामने आ रही है। मौके पर पहुंची फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाया। वहीं अधिकारियों ने भी घटना का जायजा लिया।

## भदोही समाचार

### बुजुर्ग की सरेआम चाकू से गोदकर हत्याःभदोही में 12 से ज्यादा वार किए



**भदोही।** युवक ने बुजुर्ग की सरेआम चाकू से गोदकर हत्या कर दी। बुजुर्ग बाजार में चाय पी रहे थे। तभी युवक आया और अचानक हमला कर दिया। वह बचने के लिए भागे, तो आरोपी उनको दौड़ाकर चाकू मारने लगा। लोग बुजुर्ग को बचाने आए, तो आरोपी ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया। युवक ने बुजुर्ग पर 12 से ज्यादा वार किए। वह खून से लथपथ जमीन पर गिर गए। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। आरोपी घटनास्थल से करीब 1 किलोमीटर दूर अपने घर आया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। पुलिस उसके घर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। इस दौरान आरोपी ने पुलिस को चाकू दिखाया। उसे किसी तरह गिरफ्तार किया गया। आरोपी सिंचाई के लिए पानी न मिलने से नाराज था। मामला बुधवार शाम करीब 5 बजे का चौरी थाना क्षेत्र का है। इसका ण्ण्ऊ॰ भी सामने आया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। एक व्यक्ति ने आरोपी को लाठी से मारा, तो वह जमीन पर बैठ गया। चौरी थाना क्षेत्र के रहने वाले बच्चन राम (65) 20 साल से सरकारी ट्यूबवेल के पंप ऑपरेटर थे। मंगलवार को आरोपी श्रवण गौतम अपने खेतों में पानी सप्लाई के लिए आया था। इस पर बच्चन राम ने अगले दिन आने के लिए बोला। इससे श्रवण नाराज हो गया। बुधवार शाम 5 बजे के आसपास बच्चन राम बाजार में चाय पीने गए। इसी बीच श्रवण भी वहां पहुंचा और बुजुर्ग को भला-बुरा कहने लगा। जब तक वह कुछ समझ पाते आरोपी ने चाकू निकाला और उन पर हमला कर दिया। बुजुर्ग बचने के लिए भागे, तो आरोपी दौड़ाकर उनको चाकू मारने लगा। लोग बचाने के लिए पीछे आए, तो उन पर भी वार किया। बुजुर्ग जब लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए, तो आरोपी वहां से भाग गया। ग्रामीणों ने पुलिस पर शव को जबरन कब्जे में लेने का आरोप लगाया। ये बुजुर्ग बच्चन राम की तस्वीर है। युवक ने उनके पेट-सीने पर चाकू से कई वार किए।

## लाइफ मंत्र

### क्यों दिया यीशु मसीह ने बलिदान? जानिए क्रूस पर चढ़ाए जाने की पूरी कहानी



प्रभु यीशु मसीह ने सच्चाई और न्याय के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। आज से लगभग 2025 वर्ष पहले इजराइल के बैतलहम नगर में उनका जन्म पवित्र आत्मा द्वारा कुंवारी मरियम की कोख से हुआ। उनके जन्म का उद्देश्य मानव जाति को पाप और बुराई से मुक्त करना था। परमेश्वर ने मनुष्य के उद्धार के लिए अपने पुत्र को संसार में भेजा क्योंकि मनुष्य को उसी के समान रूप में आकर ही बचाया जा सकता था।

पवित्र बाइबल के अनुसार यीशु मसीह आदि से ही विद्यमान थे। इसके संबंध में पवित्र बाईबल में लिखा है, ‘‘आदि में शब्द था, और शब्द परमेश्वर के संग था, और शब्द ही परमेश्वर था (यूहन्ना 1:1-4)।’’

यही वचन देहधारी होकर यीशु मसीह के रूप में संसार में प्रकट हुआ। इस प्रकार वह केवल एक मनुष्य ही नहीं, बल्कि परमेश्वर का जीवित स्वरूप माने जाते हैं।

यीशु मसीह लगभग साढ़े 33 वर्ष तक इस संसार में रहे। लगभग 30 वर्ष उन्होंने अपने माता-पिता की सेवा में बिताए। इसके पश्चात उन्होंने लगभग साढ़े 3 वर्षों तक लोगों के बीच रहकर परमेश्वर का संदेश सुनाया।

उन्होंने लोगों को पश्चाताप करने, प्रेम करने और सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी।

उन्होंने किसी नए धर्म की स्थापना नहीं की, बल्कि मानवता की सेवा को ही सच्चा धर्म बताया- भूखे को भोजन, नंगे को वस्त्र और बीमारों की सेवा करना।

उन्होंने अपने उपदेशों में प्रेम और क्षमा पर विशेष बल दिया। उन्होंने सिखाया कि मनुष्य को अपने पड़ोसी ही नहीं, बल्कि अपने शत्रुओं से भी प्रेम करना चाहिए। सलीब पर भी उन्होंने अपने अत्याचारियों के लिए प्रार्थना करते हुए कहा, ‘‘हे पिता, इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं।’’ यह उनकी करुणा और महानता का अद्वितीय उदाहरण है।

उन्होंने सच्चाई और प्रेम का मार्ग दिखाया, फिर भी उस समय के धार्मिक नेताओं और शासकों ने उनसे भयभीत होकर उनके विरुद्ध षड्यंत्र रचा। निर्दोष होने के बावजूद उन्हें सलीब पर चढ़ाने की सजा दी गई। उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। उन्हें कोड़े मारे गए, कांटों का मुकुट पहनाया गया और उनके हाथ-पैरों में कीलें ठोंकी गईं। फिर भी उन्होंने कोई विरोध नहीं किया और शांतिपूर्वक सब सहन किया।

प्रभु यीशु मसीह 6 घंटे सलीब पर रहे और बाद में ‘पूरा हुआ’ अर्थात जिस मकसद के लिए वह मनुष्य रूप में संसार में आए थे, वह पूरा हुआ, कह कर अपनी जान दे दी।

आज भी मसीही समुदाय गुड फ्राइडे के दिन उनके इस महान बलिदान को श्रद्धा के साथ स्मरण करता है। यह दिन सिखाता है कि सच्चा जीवन प्रेम, करुणा और क्षमा में ही निहित है।

# Sri Lanka जाने का है Plan? ये 5 Travel Tips आपकी ट्रिप को बना देंगे शानदार और आसान



अगर आप सही प्लानिंग के साथ श्रीलंका घूमने जाते हैं, तो आपकी यह ट्रिप और भी यादगार बन सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैसे आप श्रीलंका ट्रिप को खास बना सकते हैं। विदेश घूमने का अपना ही एक अलग मजा होता है। खासतौर पर अगर पार्टनर के साथ ट्रिप प्लान की जाए। ऐसे में अगर आप किसी शांत, खूबसूरत और नेचुरल जगह की तलाश में हैं, तो श्रीलंका आपके लिए एक बेहतरीन जगह साबित हो सकती है। शानदार बीच, हरे-भरे पहाड़, प्राचीन मंदिर और स्वादिष्ट खाना इस देश को खास बनाते हैं। ऐसे में अगर आप सही प्लानिंग के साथ श्रीलंका घूमने जाते हैं, तो आपकी यह ट्रिप और भी यादगार बन सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैसे आप श्रीलंका ट्रिप को खास बना सकते हैं।

**नेचर में बिताएं समय**

श्रीलंका अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। यहां के पहाड़, चाय के बागान और झरने आदि की खूबसूरती देखने लायक होता है। ऐसे में आप ट्रिप के दौरान हरे-भरे नजारों का आनंद ले सकते हैं।

**इन जगहों को करें एक्सप्लोर**

श्रीलंका के समुद्री तट बेहद खूबसूरत और शांत होते हैं। यहां आप बीच पर घूम सकते हैं और सनसेट का लुत्फ उ'ा सकते हैं। या फिर आप कोई वॉटर एक्टिविटी का मजा ले सकते हैं।

**लोकल फूड**

कोई भी ट्रिप लोकल फूड के बिना अधूरी मानी जाती है। श्रीलंका का खाना इंडियन खाने से थोड़ा मिलता-जुलता है। लेकिन इसमें अलग तरह के फ्लेवर और मसालों का इस्तेमाल होता है। इसलिए श्रीलंका की लोकल डिशेज जरूर ट्राई करनी चाहिए।

**एक्सप्लोर करें धार्मिक स्थल**

श्रीलंका में काफी कुछ चीजें देखने लायक हैं। अपनी ट्रिप को थोड़ा और यादगार बनाने के लिए आपको धार्मिक स्थलों को एक्सप्लोर करना नहीं भूलना चाहिए। श्रीलंका में कई प्राचीन मंदिर और ऐतिहासिक जगहें मौजूद हैं।

**शॉपिंग करें**

ट्रिप से वापस आने से पहले जरूरी है कि आप वहां की फेमस मार्केट जरूर एक्सप्लोर करें। आप श्रीलंका के लोकल मार्केट घूमने के लिए जा सकते हैं। वहीं आप अपने बजट के हिसाब से खरीददारी जरूर करें।



# चिलचिलाती धूप से दूर, इन 5 जगहों पर मनाएं अपनी Summer Vacation

**इस महीने पहाड़ों पर वसंत की शुरूआत हो जाती है। इस दौरान पेड़-पौधे हरे-भरे दिखते हैं, मौसम भी सही रहता है और फूल खिलने लगता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अप्रैल के महीने में घूमने के लिए जा सकती हैं।**

अप्रैल शुरू होते ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरूकर दिए हैं। इन दिनों दिल्ली-एनसीआर में टेंपरेचर 34 से 35 डिग्री तक पहुंच गया है। गर्मी के कारण अभी से लोगों का बुरा हाल हो गया है।

ऐसे में अगर आप भी इस महीने कुछ दिनों की छुट्टी लेकर ठंडी और खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर करना चाहती हैं, तो भारत में कई ऐसी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने के लिए जा सकती हैं। इस महीने यहां पर का मौसम काफी सुहावना होता है।

दरअसल, इस महीने पहाड़ों पर वसंत की शुरूआत हो जाती है। इस दौरान पेड़-पौधे हरे-भरे दिखते हैं, मौसम भी सही रहता है और फूल खिलने लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अप्रैल के महीने में घूमने के लिए जा सकती हैं।

**ऊटी**

साउथ इंडिया के सबसे खूबसूरत जगहों में से तमिलनाडु का ऊटी भी है। यह हिल स्टेशन घूमने के लिहाज से काफी अच्छा है। ऊटी का ठंडा मौसम काफी सुहावना रहता है। यहां पर लेक में बोट राइड ले सकती हैं। यहां पर चाय के बागान और फूलों से भरे खूबसूरत गार्डन देख सकती हैं।

**गंगटोक**

अप्रैल के महीने में गंगटोक की खूबसूरती देखने लायक होती है। इस दौरान पहाड़ों के नजारे बेहद खूबसूरत दिखते हैं। आसपास की वादियां फूलों से भर जाती हैं। इस महीने मौसम काफी ठंडा हो जाता है। आपको यहां पर रोजाना आना चाहिए।

**दार्जिलिंग**

यह हिल स्टेशन अपनी खूबसूरत पहाड़ियों और चाय के बागानों के लिए फेमस है। अप्रैल में यहां की हवा ठंडी और फ्रेश होती है। इस दौरान यहां पर रोडोड्रेंड्रोन जैसे पहाड़ी फूल खिलने लगते हैं। जिससे पूरी वादी रंगीन दिखती है।

**पचमढ़ी**

मध्य प्रदेश का पचमढ़ी हिल स्टेशन काफी खूबसूरत है। इस महीने यहां का मौसम काफी सुहावना होता है और आसपास काफी हरियाली खूब दिखाई देती है। आप यहां पर बी फॉल्स, पांडवों की गुफा, धूपगढ़ और सतपुरा नेशनल पार्क आदि एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**ऋषिकेश**


ऋषिकेश में मौसम काफी सुहावना होता है। इस महीने आप यहां पर रिवर राफ्टिंग और कैंपिंग जैसी एक्टिविटी का लुत्फ उठा सकती हैं। शाम के समय आप यहां पर परमार्थ निकेतन और त्रिवेणी घाट में होने वाली गंगा आरती का हिस्सा बन सकती हैं।

**तवांग**

अप्रैल महीने में आप तवांग जा सकती हैं। यहां पर मौसम काफी शानदार रहता है।

दूर-दूर से लोग यहां की खूबसूरती निहारने के लिए तवांग पहुंचते हैं। यहां पर चारों ओर पहाड़ों और बर्फ का नजारा देखकर लगेगा, जैसे आप किसी अलग दुनिया में आ गए हों।

# मुंबई-पुणे के पास बसा है यह Mini-Heaven, वीकेंड पर Panchgani में मनाएं छुट्टियां



पंचगनी स्ट्रॉबेरी और रसभरी के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ के ताज़े फल, जैम और चॉकलेट पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा यहाँ कई प्रसिद्ध बोर्डिंग स्कूल भी स्थित हैं, जिससे यह शिक्षा के क्षेत्र में भी जाना जाता है।

महाराष्ट्र के सतारा जिले में स्थित पंचगनी एक प्रसिद्ध और शांत हिल स्टेशन है। 'पंचगनी' नाम का अर्थ है– पाँच पहाड़ियों का समूह। सह्याद्रि पर्वतमाला की गोद में बसा यह स्थल अपनी हरियाली, ठंडी जलवायु और मनोरम घाटियों के लिए जाना जाता है। यह स्थान मुंबई और पुणे से आने वाले पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय वीकेंड डेस्टिनेशन है।

**प्रमुख दर्शनीय स्थल-**

**Table Land-** यह एशिया के सबसे बड़े ज्वालामुखीय पठारों में से एक माना जाता है। यहाँ से चारों ओर फैली घाटियों का अद्भुत दृश्य दिखाई देता है। घुड़सवारी और ट्रैकिंग का आनंद भी यहाँ लिया जा सकता है।

**Sydney Point-** यहाँ से कृष्णा घाटी और धूम डैम का सुंदर दृश्य दिखाई देता है। सूर्योदय और सूर्यास्त के समय यहाँ का नज़ारा अत्यंत आकर्षक होता है।

**Parsi Point-** यह एक शांत और सुंदर स्थल है, जहाँ से हरियाली से भरी घाटियाँ और बहती कृष्णा नदी दिखाई देती है। परिवार के साथ समय बिताने के लिए यह आदर्श स्थान है।

**Devil's Kitchen-** यह ऐतिहासिक गुफाएँ पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। मान्यता है कि पांडवों ने यहाँ कुछ समय बिताया था।

**मौसम और घूमने का सर्वोत्तम समय**

पंचगनी का मौसम वर्षभर सुहावना रहता है।

**गर्मी (मार्च–जून):** तापमान 20°C से 35°C के बीच, घूमने के लिए अनुकूल।

**मानसून (जुलाई–सितंबर):** हरियाली और झरनों की सुंदरता अपने चरम पर होती है।

**सर्दी (अक्टूबर–फरवरी):** ठंडा और ताज़गी भरा मौसम, सबसे अच्छा समय।

**स्थानीय विशेषताएँ**

पंचगनी स्ट्रॉबेरी और रसभरी के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ के ताज़े फल, जैम और चॉकलेट पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा यहाँ कई प्रसिद्ध बोर्डिंग स्कूल भी स्थित हैं, जिससे यह शिक्षा के क्षेत्र में भी जाना जाता है।

**कैसे पहुँचें?**

**सड़क मार्ग:** मुंबई और पुणे से बस और टैक्सी की सुविधा उपलब्ध है।

**रेल मार्ग:** निकटतम रेलवे स्टेशन वाथर है।

**वायु मार्ग:** निकटतम हवाई अड्डा पुणे में स्थित है।

पंचगनी प्राकृतिक सुंदरता, शांति और ताजगी का अद्भुत संगम है। यदि आप पहाड़ों की ठंडी हवा, हरियाली और शांत वातावरण का आनंद लेना चाहते हैं, तो पंचगनी एक बेहतरीन पर्यटन स्थल है। यह स्थान परिवार, दोस्तों और नवविवाहित जोड़ों के लिए एक आदर्श छुट्टी का गंतव्य है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवों से मिलकर लाभ उठायें
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पुरी
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, सिक्जोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनुप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280